फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री बंशी लाल गुर्जर निवासी 189, रामपुरिया कुंदवा, अम्बा खेड़ा, कुंदवा, देवगढ़ जिला राजसमन्द

– **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ – **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 65/2023**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 09.10.2023 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से जरिये क्रमांक :– सूकाअ/27/2023/121 दिनांक 27.09.2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी बंशी लाल गुर्जर पिता लादूलाल गुर्जर निवासी 189, रामपुरिया कुंदवा, अम्बा खेड़ा, कुंदवा देवगढ़ जिला राजसमन्द हाल निवासी एम्प हॉस्पीटल गेट नं. 03 बोम्बे चौपाटी, भोपाल–462020 का आवेदन श्रीमान् के कार्यालय से पत्रांक एफ.1()सू0अ0,05/2023/520–521 दिनांक 10.07.2023 द्वारा बिन्दु संख्या 02 की सूचना हेतु सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6(3)(I)(II) के तहत अन्तरित होकर प्राप्त हुआ था जिसकी सूचना पत्र अपीलार्थी को भी भिजवा दी गयी है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त प्रकरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)